# नव भारत


राष्ट्रहित का प्रहरी १९३४ से




5 राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता : योगी



6 कांग्रेस में कसमसा रहे दीपक जोशी



7 यूएलआई से भारत में लोन लेना होगा आसान



8 वेस्टइंडीज ने द. अफ्रीका को 30 रनों से हराया

# राम-कृष्ण की जय कहना होगा

## 11.33 करोड़ के कार्यों का सीएम डा. यादव ने किया लोकार्पण

## 2.60 करोड़ के कार्यों का किया भूमिपूजन

- अशोकनगर के चंदेरी में सीएम डॉ. मोहन की दो टूक
- मुख्यमंत्री ने लक्ष्मण मंदिर में की भगवान शेषनाग की पूजा

**अशोकनगर, 26 अगस्त. सोमवार को जन्माष्टमी पर्व के मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जिले की पर्यटन नगरी चंदेरी पहुंचे। जहां उन्होंने सबसे पहले बुनकर पार्क पहुंचकर बुनकरों का हाल जाना.बाद में सीएम लक्ष्मण मंदिर पहुंचे और वहां पूजा की.इसके बाद सीएम ने रोड शो के जरिए स्थानीय लोगों का अभिवादन किया.**

रोड शो के बाद सीएम श्रीकृष्ण पर्व कार्यक्रम में सम्मिलित हुए.इस दौरान उन्होने जिले को करोड़ों की सौगाते दीं. उन्होने कहा कि भारत के अंदर रहना है, तो राम-कृष्ण की जय कहना होगा.उन्होंने कहा सावधान.. जो यहां का खाता है, कहीं और का बजाता है, यह नहीं चलेगा.मुख्यमंत्री ने श्री कृष्ण पर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं कन्या पूजन कर किया.इस अवसर पर उन्होंने 11.33 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण एवं 2.60 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन कर क्षेत्र को विकास कार्यों की सौगात दी.इसी के साथ उन्होंने जिले के लिए कई बड़ी घोषणाएँ भी की.



### रोड शो के बाद लक्ष्मण मंदिर पहुंचे सीएम

चंदेरी में मुख्यमंत्री रथ पर सवार होकर रोड शो के लिए निकले. इस दौरान शहर के लोगों ने उनका जगह-जगह भव्य स्वागत किया.उन्होंने रथ से ही हाथ जोड़ एवं पुष्प वर्षा कर लोगों का अभिवादन किया.लगभग 1 किलोमीटर तक मुख्यमंत्री मोहन यादव का रोड शो चला. जहां जगह-जगह नगर के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया.इसके बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव चंदेरी शहर के बीच स्थित प्राचीन भगवान लक्ष्मण मंदिर पहुंचे.जहां मंदिर पहुंचकर उन्होंने मंदिर में भगवान शेषनाग की विधि-विधान से पूजा अर्चना की.इसके बाद मोहन यादव नवीन गल्ला मंडी पहुंचे, जहां उन्होंने आम सभा को संबोधित किया।

### बुनकर पार्क पहुंचकर जाना बुनकरों का हाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को चंदेरी पहुंचे.जहां चंदेरी किला कोठी पर हेलीकॉप्टर से उतरकर सीधे बुनकर पार्क पहुंचे.यहां पहुंचकर उन्होंने बुनकर पार्क में कार्य कर रहे बुनकरों से चर्चा कर उनका हाल-चाल जाना.इसके साथ ही उन्होंने हथकरघा (हैंडलूम) चलाना भी बुनकरों से सीखा.

### श्रीकृष्ण के जीवन से लें प्रेरणा

इस अवसर पर उन्होंने कृष्ण और सुदामा की मित्रता का उदाहरण भी दिया.सीएम ने कहा कि भागवान राम और भगवान कृष्ण के जीवन से इतनी शिक्षाएं मिलती है इसीलिए हम इन्हें शिक्षा नीति का हिस्सा बना रहे हैं.उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण हमें जीवन जीने का सही मार्ग बताते हैं और हमें उनसे सन्मार्ग पर चलने की सीख लेनी चाहिए।

# आरोपी संजय ने जुर्म कबूला

## कोलकाता रेप-मर्डर : पॉलीग्राफ टेस्ट में कहा- गर्लफ्रेंड से न्यूड तस्वीरें मांगीं

**कोलकाता, 26 अगस्त. कोलकाता रेप-मर्डर केस के मुख्य आरोपी संजय रॉय ने पॉलीग्राफ टेस्ट में अपना जुर्म कबूल कर लिया है.संजय ने कहा कि उसने रेप के बाद ट्रेनी डॉक्टर का मर्डर किया था.**

घटना को अंजाम देने से पहले वो रेड लाइट एरिया गया था.रास्ते में भी एक लड़की को छेड़ा और गर्लफ्रेंड से न्यूड तस्वीरें मांगी थीं.संजय ने एक दिन पहले 25 अगस्त को पॉलीग्राफ टेस्ट में ये सारी बातें कही हैं.पुलिस कस्टडी में भी संजय ने रेप और मर्डर की बात स्वीकार की थी.संजय का यह कबूलनामा मर्डर और रेप के 18 दिन बाद आया है.8 और 9 अगस्त की रात आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर हुआ था.9 अगस्त की सुबह मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में लड़की की अर्धनग्न बॉडी मिली थी।



### संदीप पर सीबीआई का शिकंजा

**नई दिल्ली, 26 अगस्त.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष का नाम एफआईआर में दर्ज किया है. एजेंसी ने उनके कार्यकाल के दौरान संस्थान में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में एफआईआर दर्ज की है.

## त्रिपुरा और केरल को 20-20 करोड़ रुपए देगी एमपी सरकार

**भोपाल, 26 अगस्त (वार्ता)** प्राकृतिक आपदा का सामना कर रहे त्रिपुरा और केरल को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने राज्य सरकार की ओर से 20-20 करोड़ रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है.डॉ यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए इस बारे में जानकारी दी.उन्होंने कहा कि देश में मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्य भीषण वर्षा, बाढ़ एवं भूस्खलन से प्रभावित हैं.

# पीएम मोदी कमान संभालेंगे

## भाजपा ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

**जम्मू, 26 अगस्त. जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपने 40 स्टार कैंपेनर की सूची सोमवार को जारी कर दी है.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे.**

सूची में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम प्रमुख है. इसके अलावा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मनोहर लाल खट्टर, जी किशन रेड्डी, शिवराज सिंह चौहान, जितेंद्र सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और स्मृति ईरानी और वी के सिंह के अलावा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर अन्य प्रमुख चेहरे हैं जो चुनाव प्रचार के दौरान जम्मू और कश्मीर का दौरा करेंगे.



### एक नजर में



#### शादी करने की कोई योजना नहीं बना रहा हूं

**जम्मू-कश्मीर,** जम्मू-कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी में तेज हो चुकी है. विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी कश्मीर का दौरा कर चुके हैं. इस बीच उन्होंने कश्मीर की लड़कियों के साथ मुलाकात का वीडियो शेयर किया है. इसमें वो चुनाव और पूर्ण राज्य के दर्जे को लेकर बातें कर रहे हैं. वो इस दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से भी लड़कियों की बात करवाते हैं. राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कश्मीर की महिलाओं के पास कहने के लिए ताकत, लचीलापन, बुद्धि व बहुत कुछ है.

#### त्रिपुरा में पांच बांग्लादेशी को किया गिरफ्तार

**अगरतला,** भारत में घुसपैठ के खतरों के बीच अवैध रूप से भारतीय सीमा में घुसने वाले पांच बांग्लादेशी नागरिकों को त्रिपुरा में गिरफ्तार किया गया है.त्रिपुरा पुलिस और सीमा सुरक्षा बल ने एक साथ अभियान चलाकर पांचों को गिरफ्तार कर लिया.पश्चिम अगरतला पुलिस थाने के प्रभारी इंस्पेक्टर परितोष दास ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ये गिरफ्तारियां की गई हैं.इंस्पेक्टर दास ने बताया कि अगरतला के बाहरी इलाके में सीमावर्ती लंकामुरा कस्बे में कुछ बांग्लादेशी नागरिकों के अवैध रूप से घुसने की खुफिया जानकारी मिली थी, इसके बाद हमने यह अभियान शुरू किया.

#### त्रिपुरा में मां काली की मूर्ति खंडित होने से बवाल

**अगरतला.** पश्चिम त्रिपुरा के रानीरबाजार इलाके में एक मंदिर में मूर्ति क्षतिग्रस्त होने के बाद अज्ञात लोगों ने 12 घरों सहित कई वाहनों में आग लगा दिया.पुलिस ने सोमवार को जानकारी देते हुए कहा कि तनाव को कम करने के लिए इलाके में भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया है। सहायक महानिरीक्षक (कानून एवं व्यवस्था) अनंत दास ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया, रविवार देर रात कैतुरबाड़ी में देवी काली की मूर्ति के खंडित पाए जाने के बाद उपद्रवियों ने रानीरबाजार में करीब 12 घरों में आग लगा दी.

#### ट्रक ने फुटपाथ पर सो रहे पांच लोगों को कुचला

**नई दिल्ली.** शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार तड़के 4.30 बजे एक बेकाबू ट्रक ने फुटपाथ पर सो रहे पांच लोगों को कुचल दिया.तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है.घायलों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.घटना के बाद चालक ट्रक को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया है.

### गुस्ताखी माफ




# 25 नक्सलियों ने किया सरेंडर

- छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पुलिस को मिली सफलता
- पांच पर 28 लाख रुपये का इनाम था

**बीजापुर 26 अगस्त, पूरे देश को नक्सलवाद से मुक्त करने के केंद्र सरकार के अभियान को बड़ी सफलता मिली है.छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर में सोमवार को 25 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया.**

इन नक्सलियों में पांच पर 28 लाख रुपये का इनाम था.मालूम हो कि केंद्र सरकार ने मार्च 2026 तक पूरे देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का संकल्प लिया है.बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सली प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) से जुड़े हुए थे और गंगलूर और भैरमगढ़ इलाके में सक्रिय थे.उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण करने वालों में दो महिला नक्सली भी शामिल हैं.पुलिस अधिकारी के मुताबिक, 23 साल की शंबती मड़कम और 27 साल की महेश तेलम माओवादियों की कंपनी नंबर 2 में सक्रिय थीं और दोनों पर आठ लाख रुपये का इनाम था. पुलिस अधिकारी ने बताया कि 20



## कांग्रेस 32 तो नेशनल कॉन्फ्रेंस 51 सीटों पर लड़ेगी

**जम्मू, 26 अगस्त.** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के बाद अब कांग्रेस ने भी अपनी स्थित साफ कर दी है.पार्टी ने घाटी में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन किया है.इसके तहत कांग्रेस प्रदेश की 32 सीटों पर अपने उम्मीदवारों को उतारेगी.वहीं नेशनल कॉन्फ्रेंस 51 सीटों पर लड़ेगी.इसके अलावा पांच सीटों पर दोनों अपने-अपने प्रत्याशी उतारेंगे.जिसे फ्रेंडली फाइट के तौर पर लड़ा जाएगा.सीट बंटवारे पर राज्य कांग्रेस प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस 51 सीटों पर चुनाव लड़ेगी,

# 44 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट वापस

## जम्मू-कश्मीर विस चुनाव : भाजपा ने 15 उम्मीदवारों की दूसरी संशोधित लिस्ट जारी की

**नई दिल्ली, 26 अगस्त, नससे. जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की ओर से जारी की गई 44 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट को हंगामे के बाद वापस लेनी पड़ी है. हालांकि बाद में भाजपा ने 15 उम्मीदवारों की दूसरी संशोधित लिस्ट जारी की है. 15 उम्मीदवारों की इस लिस्ट में 8 मुस्लिम व 7 हिन्दू उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है.**

जिन 15 लोगों को दूसरी लिस्ट में टिकट दिया गया उन सभी के नाम पहली लिस्ट में भी शामिल थे. इस लिस्ट में एक मात्र महिला उम्मीदवार शगुन परिहार को किश्तवाड़ से उम्मीदवार बनाया गया है. उल्लेखनीय है कि आर्टिकल 370 हटने और परिसीमन के बाद जम्मू कश्मीर में पहली बार विधानसभा चुनाव होने जा रहा है. सोमवार सुबह भाजपा ने 44 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी थी लेकिन सूची सार्वजनिक होने के बाद जम्मू स्थित भाजपा कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने हंगामा शुरु कर दिया. हंगामा कर रहे कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया की पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं की अनदेखी की गई है.

कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र रैना का घेराव किया. संभवत: यह पहली बार हुआ है कि हंगामे के बाद पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व ने अपने द्वारा जारी की गई लिस्ट को वापस लेकर संशोधित सूची जारी की.



### घोषित उम्मीदवारों की सूची

| विधानसभा सीट | उम्मीदवार का नाम |
|---|---|
| पम्पोर | सैयद शौकत गयूर अंद्राबी |
| राजपोरा | अर्शीद भट्ट |
| शोपियां | जावेद अहमद कादरी |
| अनंतनाग पश्चिम | मोहम्मद रफीक वानी |
| अनंतनाग | अधिवक्ता सैयद वजाहत |
| श्रीगुफवाड़ा | सोफी यूसुफ |
| शानगुस अनंतनाग पूर्व | वीर सराफ |
| इंदरवल | तारिक कीन |
| किश्तवाड़ | शगुन परिहार |
| पाडेर-नागसेनी | सुनील शर्मा |
| भद्रवाह | दलीप सिंह परिहार |
| डोडा | गजय सिंह राणा |
| डोडा पश्चिम | शक्ति राज परिहार |
| रामबन | राकेश ठाकुर |
| बनिहाल | सलीम भट्ट |

# नाबालिग से गैंगरेप कर बनाया वीडियो

- केस दर्ज कर आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- 22 को आरोपियों ने पीड़िता को किले में बुलाया था

**टीकमगढ़.नाबालिग से गैंगरेप कर उसका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है.पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.**

जानकारी के मुताबिक जिले के लिधौरा थाना अंतर्गत एक नाबालिग 9वीं की छात्रा के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया गया.घटना का आरोपियों ने वीडियो भी रिकार्ड कर लिया और फिर किसी को घटना के बारे में बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दे डाली.यह वारदात को आरोपियों ने लिधौरा के किले में अंजाम दिया है.

पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी.इसके बाद उसके परिजन पीड़िता को थाने लेकर पहुंची जहां पुलिस को पीड़िता ने पूरी दास्तां सुनाई. पुलिस ने घटना की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ कर ली है.बताया गया है कि 22 अगस्त को आरोपियों ने पीड़िता को लिधौरा के किले में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया.दुष्कर्म के दौरान आरोपियों ने वीडियो भी रिकार्ड कर लिया. इस वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी गई है.

### दरिंदा निकला प्राचार्य, लूटी छात्रा की आबरू

**अनूपपुर।** खमरोध विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य उदय नारायण सिंह बघेल ने एग्जाम फॉर्म भरवाने के बहाने 12 वीं की छात्रा को पहले कार में बैठाया और फिर जबरन उसे शराब पिलाई इसके बाद खंडहरनुमा स्कूल में ले जाकर उसकी आबरू लूट ली.इसके बाद वह पीड़िता किसी तरह दरिंदे प्राचार्य के चंगुल से छूटकर भागी और अपने घर पहुंचकर परिजनों को पूरी बात बताई। जिसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराते हुए शिकायत दर्ज कराई. विरोध करने पर मेरे साथ मारपीट करते हुए मुझे एक कमरे में ले गए और वहां रेप कर दिया. पुलिस शिकायत दर्ज कर प्राचार्य की तलाश में जुट गई है।

थाने से जानकारी लेकर कठोर कार्यवाही के निर्देश जारी किए.पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया।
**रोहित काशवानी, एसपी**

# रूस पर अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर जैसा हमला

- 38 मंजिला इमारत से टकराया ड्रोन
- रूस ने 100 मिसाइलें और 100 ड्रोन दागे

**मॉस्को, 26 अगस्त. रूस के सारातोव में सोमवार को अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेंड सेंटर जैसा हमला हुआ है.एक ड्रोन सुबह 38 मंजिला रिहायशी इमारत 'वोल्गा स्काई' से टकराया.इसमें 4 लोग घायल हुए.रूस ने इस हमले का आरोप यूक्रेन पर लगाया.इसके पलटवार में रूस ने यूक्रेनी शहर कीव, खारकीव, ओडेसा और लीव समेत 12 शहरों पर 100 मिसाइलें और 100 ड्रोन दागे हैं.**

हमला सुबह के वक्त ही हुआ.यूक्रेनी एयरफोर्स के अधिकारियों ने बताया कि कीव पर अटैक 11 ञ-95 स्ट्रैटजिक बॉम्बर्स, किंझल बैलिस्टिक मिसाइलें से किया गया.अभी तक एक रिहायशी इमारत के क्षतिग्रस्त होने की सूचना है.हमले में 5 लोगों के मौत होने की जानकारी भी सामने आई है.रूस का हमला यूक्रेन-पोलैंड के बॉर्डर के नजदीक हुआ है.



### सरातोव में एयर रूट बंद हुआ

यूक्रेन के हमले में रूसी बिल्डिंग का एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ.बिल्डिंग के नीचे खड़ी 20 से ज्यादा गाड़ियों को नुकसान पहुंचा.एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया.

छठी सवारी | जन्माष्टमी पर्व का उल्लास नजर आया, मंत्री दुर्गादास उईके, सावित्री ठाकुर ने की पालकी पूजा

# भादो में 6 रूपों में दर्शन देते निकले बाबा महाकाल

भूपेन्द्र भूतड़ा

**उज्जैन, 26 अगस्त. भादो मास की पहली सवारी में भगवान महाकाल 6 रूपों में भक्तों को दर्शन देते हुए निकले.कई जगह ऐसा भी मौका आया जब रिमझिम बारिश के बीच सवारी निकली. श्रावण व भादौ मास के क्रम में महाकाल की यह छठी सवारी थी.**

सवारी में इस बार भगवान का नया स्वरूप घटाटोप रथ पर निकला.इस सवारी में जन्माष्टमी का उल्लास साफ नजर आया.लोग राधा, कृष्ण स्वरूप में सजकर आए तो कई बांसुरी वादन करते तो अनेक दल रंग-बिरंगे परिधानों में सजधज कर रास रचाते हुए भी निकले.शाम 4 बजे मंदिर के सभामंडप में सवारी का पूजन किया गया.शासकीय पुजारी घनश्याम शर्मा ने श्री चंद्रमोलेश्वर की प्रतिमा का पूजन किया.

इसके पश्चात कहारों ने भगवान की प्रतिमा को चांदी की पालकी में विराजित किया.केंद्रीय राज्य मंत्री जनजातीय कार्य श्री दुर्गादास उईके और केंद्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास श्रीमती सावित्री ठाकुर ने बाबा महाकाल के दर्शन कर पालकी का पूजन किया.इस बार भी सवारी में गोंड जनजातीय थातिया नृत्य दल बैतूल से शामिल हुआ.

दल ने सवारी से पहले मंदिर के नंदी हॉल में जाकर प्रस्तुति भी दी.



### हाथी मनमहेश, चार रथों पर अलग स्वरूप के दर्शन हुए

पालकी में चंद्रमोलेश्वर के अलावा हाथी पर मनमहेश, गरूड़ के रथ पर शिव तांडव, नन्दी के रथ पर उमा-महेश, डोल के रथ पर होल्कर स्टेट तो सबसे आखिरी में नए रथ पर घटाटोप विराजित होकर निकले.सवारी में पालकी के आगे पुलिस का घुड़सवार दल, बैंड व सशस्त्र जवानों की टुकड़ियां निकली.वहीं भजन मंडलियां भजनों की प्रस्तुति देते चल रही थी.झांझ-मंझिरे, डमरू, ढोल व शंख की ध्वनि के बीच जय महाकाल के उद्घोष से संपूर्ण सवारी मार्ग गूंज उठा.

# केंद्र ने किया लोगों को सावधान

## फर्जी ई-मेल और ई-नोटिस से सर्तक रहने की अपील की

**नयी दिल्ली 26 अगस्त (वार्ता) फर्जी ई-मेल और फर्जी ई-नोटिस से संबंधित धोखाधड़ी के बढते मामलों के मद्देनजर सरकार ने एक बार फिर लोगों को आगाह किया है कि वे इस तरह की फर्जी मेल और ई-नोटिस से सावधान रहें और इनका जवाब देने के बजाय तुरंत इसकी शिकायत साइबर अपराध समन्वय केन्द्र की वेबसाइट पर करें.**

साइबर अपराध में जुटे शातिर साजिशकर्ता आम लोगों को तो निशाना बनाते ही हैं, वे गृह मंत्रालय की विभिन्न जांच एजेन्सियों से जुड़े लोगों तक को भी इस तरह के फर्जी मेल भेजकर ठग रहे हैं.इसे देखते हुए सरकार लोगों को समय समय पर परामर्श और चेतावनी जारी कर लोगों को इस तरह के फर्जी मेल और ई नोटिस से सावधान रहने की अपील करती रहती है।

सरकारी सुरक्षा तंत्र की ओर से एक बार फिर कहा गया है कि साइबर धोखाधड़ी करने वाले ठग लोगों को विभिन्न जांच एजेन्सियों की मुहर के साथ उनके लैटर पैड पर फर्जी ई-मेल और ई-नोटिस भेजकर उन पर 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी', बाल यौन शोषण और पोर्नोग्राफी जैसे कृत्यों में शामिल होने का आरोप लगा रहे हैं.

इन फर्जी ई-नोटिस और ई-मेल में इन लोगों को दंडात्मक कार्रवाई का भय दिखाकर इनसे पैसे ऐंठे जा रहे हैं.